कैसा दानव धरती पे आया

कैसा दानव धरती पे आया जिसने सारे जगत को हिलाया,
ना बचा कोई भी इस के डर से तेरा फूल प्रभु मुरजाया,
कैसा दानव धरती पे आया जिसने सारे जगत को हिलाया,

चारो और त्राहि त्राहि मची है अब तो जान भी ना बची है
लाशो को नही मिलते कंधे हर उम्मीद टूटी हुई है
भार कैसे उठाएगी धरती बच्चो का दर्द दिल में समाया
ना बचा कोई भी इस के डर से तेरा फूल प्रभु मुरजाया,

दूरिया इतनी बड गई है जिन्दगी मानो थम सी गई है
सब बैठे है अपने घरो में सारी खुशिया मानो लुट गई है
हसी चेहरे पे भगवान दिला दो सब ने कुछ न कुछ है गवाया
ना बचा कोई भी इस के डर से तेरा फूल प्रभु मुरजाया,

तेरे मंदिर पे ताले जड़े है तेरे दर्शन को लाले पड़े है
मन में करते अरदास तुम से बिन चले पाओ छाले पड़े है
राजू होश सब ने खो दिया है टूट गई है भगवन ये काया

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22025/title/kaisa-danav-dharti-pe-aya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |